प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा –सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना जल्द **शुरू की जायेगी।**

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज रात राजस्थान आयेंगे–जोधपुर और जयपुर में कल विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

- विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 आज से नई दिल्ली के भारत मंडपम में–प्रदेश के 100 से अधिक युवा भाग लेंगे।

- मिड डे मिल योजना में कोविड महामारी के दौरान प्रदेश में करीब दो हजार करोड़ रूपये से अधिक की गड़बड़ी का खुलासा।

0000

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना जल्द **शुरू की जायेंगी।** श्री गडकरी ने नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में में यह जानकारी दी। श्री गडकरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। श्री गडकरी ने कहा कि अब अधिकृत ऑटोमोबाईल कम्पनियां ही स्लीपर कोच बसों का निर्माण कर सकेंगी।

......

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने राज्य में सड़क सुरक्षा ईगर्वनेंस और नागरिक सुविधाओं से जुडे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के डेढ सौ से अधिक टोल नाको पर ई–डिटेक्शन सिस्टम लागू किया गया है। बिना परमिट बिना टैक्स और बिना पीयूसी के चलने वाले लाखों वाहनों के चालान जारी किये गये है। श्री बैरवा ने बताया कि सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 12 जिलों में स्वयंसेवक चिन्हित किये गये है। बाकी जिलों में कम से कम 20–20 स्वयंसेवक जोडे जायेंगे। उन्होंने बताया कि देश के सबसे अधिक दुर्घटना वाले 100 जिलों में राजस्थान के 8 जिले चिन्हित किये गये है। इनमें प्राथमिकता से जीरो फैटलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लागू किया जायेगा।

0000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज से प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे देर रात जोधपुर पंहुचेंगे। श्री शाह कल बीएसएफ कैंप और एयरफोर्स स्टेशन तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके बाद जयपुर के लिए रवाना होंगे। हमारे जोधपुर संवाददाता ने बताया कि गृह मंत्री का माहेश्वरी अधिवेशन में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। इसका उद्घाटन आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।

....

0000

**विकसित भारत युवा नेता संवाद**–2026 का दूसरा संसकरण आज नई दिल्ली में शुरू होगा। युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कल नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि औपचारिक उद्घाटन समारोह कल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की उपस्थिति में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को समापन समारोह में शामिल होंगे। श्री मांडविया ने कहा कि चार दिवसीय इस कार्यक्रम में देश और विदेश से ढाई हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इसरो के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर प्रतिभागियों के साथ

बातचीत करेंगे, वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर एक फायरसाइड संवाद में हिस्सा लेंगी। श्री मांडविया ने कहा कि इस संवाद में पुलेला गोपीचंद, लिएंडर पेस, पाल्की शर्मा, कैवल्य वोहरा, सिबाब्रत दास और आनंद कुमार सहित जाने–माने विशेषज्ञों के अलावा पद्‌म पुरस्कार विजेता और युवा सांसद तथा विधायक भी भाग लेंगे। इस संवाद में प्रदेश के भी 100 से अधिक युवा भाग ले रहे है।

0000

मिड डे मील योजना में राज्य में कोविड महामारी के दौरान स्कूल बंद रहने की अवधि में करीब दो हजार करोड़ रूपये से अधिक के घोटाले का खुलासा हुआ है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कॉन्फेड और निजी फर्मो के 21 आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए कॉन्फेड के माध्यम से कॉम्बो पैक में की गई आपूर्ति में बडी गडबडिया सामने आई है। इसमें कई स्थानों पर वास्तविक आपूर्ति किये बगैर ही फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी भुगतान उठाया गया। एसीबी ने बताया कि इस प्रकरण की गहन जांच की जा रही है।

0000

एसीबी ने परिवहन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए कल 6 जिलों में 11 ठिकानों पर छापेमारी की। एसीबी ने जयपुर, ब्यावर, नसीराबाद, विजयनगर, केकड़ी, किशनगढ़ और अजमेर में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और निजी दलालों के ठिकानों पर एक साथ जांच की। एसीबी पुलिस महानिदेशक ने बताया कि ब्यूरो को इस बारे में सूचना मिली थी कि परिवहन विभाग के कुछ अधिकारी–कर्मचारी निजी दलालों से मिलीभगत कर विभिन्न राजमार्गों से गुजरने वाले वाहनों से अवैध वसूली कर रहे हैं। जांच में सामने आया कि ओवरलोड और कमियां पाए जाने वाले वाहनों पर कार्रवाई नहीं करने के बदले यह राशि ली जा रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना के सत्यापन के बाद एसीबी जयपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरविजन में 12 टीमों का गठन कर छापेमारी की गई। कार्रवाई में अवैध वसूली से जुड़े अहम दस्तावेज, मोबाइल फोन और डिजिटल साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं।

0000

मौसम विभाग की ओर से प्रदेश में आज 21 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सीकर, चूरू, झुंझुनूं और डीडवाना कुचामन में शीतलहर का अलर्ट बताया गया हैं। अलवर, बारां, भरतपुर, दौसा, डीग, धौलपुर और बूंदी सहित कई जगह घनी धुंध और सर्द हवाओं का असर बना हुआ है। इससे दृश्यता काफी कम है और लोगों को कुछ मीटर आगे देखने में भी परेशानी हो रही है। वहीं सर्द हवाओं और गलन ने सामान्य जनजीवन को अस्तव्यस्त कर दिया है। ठण्ड के बढते प्रकोप और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए 25 जिलों में स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए 10 जनवरी तक छुट्‌टी के आदेश जारी किये गये है। कडाके की सर्दी के इस दौर में सरहदी जिलों में बीएसएफ जवान निरंतर चौकसी कर रहे है। बाडमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि हाड कंपाने वाली ठण्ड के बावजूद बीएसएफ जवान पूरी तरह मुस्तैद है।

.....

पाली से पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि तेज सर्दी से पशुओं के बचाव के लिए तिरपाल लगाये जाने चाहिए।

....

0000